# प्रभावी नेतृत्व के लिए जवाबदेही जरूरी

## मैनिट में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह में आईपीएस अजय शर्मा ने कहा



**भोपाल, 23 अगस्त. मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शुक्रवार को देर शाम सिविल विभाग के सभागार में किया गया.**

समारोह की अध्यक्षता डॉ. के.के. शुक्ला, निदेशक, एमएएनआईटी ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में अजय शर्मा आईपीएस, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश आवास एवं अवसंरचना विकास निगम उपस्थित रहे. यह आयोजन डॉ. शैलेंद्र जैन, डीन छात्र कल्याण, एवं डॉ. एम.एस. चौहान, अध्यक्ष, परिषद-प्रभारी (वार्डन) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने, छात्र कल्याण पहल को आगे बढ़ाने, तकनीकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन तथा छात्र समुदाय और संस्थान प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करने की जिम्मेदारी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए संभाली.

शपथग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि आईपीएस शर्मा ने कहा कि प्रभावी नेतृत्व के लिए जवाबदेही और दूसरों की सेवा के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है. सफल शासी निकाय सदैव अपने अधिकारों के प्रयोग से अधिक अपने संरक्षक उत्तरदायित्वों को प्राथमिकता देते हैं. यह कार्यक्रम सभी विभागों के डीन एवं विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में आयोजित हुआ. इस अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद प्रतिनिधियों ने छात्र कल्याण, कार्यक्रम आयोजन और प्रशासन एवं छात्रों के बीच संवाद सुनिश्चित करने का दायित्व संभाला. समारोह में सभी विभागों के कक्षा प्रतिनिधि तथा मैनिट के छात्र भी उपस्थित रहे.

# पेंटिंग देखते ही विद्यार्थियों के खिले चेहरे

▸ विद्यार्थी बोले- अब तो हम भी बनेंगे चित्रकार



जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. स्कूली जीवन में विद्यार्थियों के कई सपने होते हैं, लेकिन अक्सर सही मार्गदर्शन या अवसर न मिलने से सपने अधूरे रह जाते हैं. परंतु कभी-कभी अचानक मिली प्रेरणा नई राह दिखा देती है. कुछ ऐसा ही हुआ जब पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, शमशाबाद (ज़िला विदिशा) के विद्यार्थियों ने भारत भवन का भ्रमण किया.**

शैक्षणिक भ्रमण पर आए 80 विद्यार्थी और चार शिक्षक-शिक्षिकाएँ बड़ा तालाब, वन विहार, मछलीघर, शौर्य स्मारक और बिड़ला मंदिर आदि देखने के बाद जब भारत भवन पहुँचे तो कला और संस्कृति की अनोखी दुनिया देखकर चकित रह गए. फ़िल्मकार एवं आर्ट प्रमोटर सुनील शुक्ल ने बच्चों को बताया कि भारत भवन आधुनिक एवं जनजातीय कला, साहित्य, संगीत, नाटक और फ़िल्म का विश्वविख्यात बहुकला केंद्र है.

बच्चों ने यहाँ की सभी कला दीर्घाएँ देखीं, सिरेमिक और ग्राफ़िक स्टूडियो देखा, चाक पे माटी को आकर लेते देखा, लेखकों की पांडुलिपियाँ देखीं और अंतरंग सभागार में नाटक की रिहर्सल भी देखी, यह उनके लिए एक अद्भुत और जीवंत कलात्मक अनुभव रहा. कक्षा 12 की छात्रा ने उत्साहित होकर कहा कि अब चाहे कुछ भी हो, मैं कला में ही करियर बनाऊंगी, उनकी इस बात से अन्य सहपाठियों ने भी सहमति जताई. विद्यालय के प्राचार्य जेके मिश्रा ने कहा भारत भवन की यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए केवल एक भ्रमण नहीं, बल्कि उनके भीतर छिपे कलाकार को जगाने वाला अनुभव साबित हुई ऐसी ही और यात्राएँ भविष्य मे भी होती रहेंगी.

### एक नजर में



## आकार फिल्म फेस्टिवल में दो फिल्में प्रदर्शित

**भोपाल.** आकार फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन शनिवार को प्रख्यात साहित्यकार एवं पद्मश्री विजयरत्न श्रीधर ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फिल्म फेस्टिवल स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि इतिहास में बड़े-बड़े कार्य कमजोर वर्गों ने ही किए हैं, जिनका योगदान हमेशा याद रखा जाना चाहिए. फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र में दो फिल्में ए लॉन्ग नाइट और कुवारा पुर प्रदर्शित की गईं, जिन्हें दर्शकों की सराहना प्राप्त हुई. इस अवसर पर निर्देशक राजेन्द्र राठौर, संतोष चौबे और फिल्म अभिनेत्री अन्नपूर्णा द्विवेदी भी मौजूद रहीं. आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि यह फेस्टिवल युवा फिल्मकारों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ा सिनेमा बनाने के लिए प्रेरित करेगा और फिल्मों के माध्यम से रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित करेगा.




## भाषण प्रतियोगिता में अनिल और राज प्रथम

**भोपाल.** हिंदी लेखिका संघ मप्र द्वारा शासकीय नूतन सुभाष एवं सरदार पटेल स्कूल में एक साथ संयुक्त रूप से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राम के चरित्र से नैतिक शिक्षा, राज्यों में भाषा का टकराव कारण और निवारण और गगनयान से चंद्रयान की अंतरिक्ष यात्रा विषय थे. कार्यक्रम में लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ साधना गंगराड़े एवं संयोजक सुधा दुबे एवं मृदुल त्यागी उपस्थिति रहीं. दोनों स्कूलों के प्राचार्य अभिषेक बेस एवं एस एस सिसोदिया सहित शिक्षिका इंदिरा रैकवार, राजेश्वरी, ममता, सीमा स्कूल की तरफ से उपस्थित थी. प्राचार्य अभिषेक बेस ने कहा विषय को रटे नहीं समझे. लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना ने कहा-इसी प्रकार कोशिश करते रहिए, आप अच्छे वक्ता बनेंगे.



# साहित्यकारों ने रोपे पौधे

**भोपाल, 23 अगस्त. आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय परिवार ने पौधा रोपण किया इस आयोजन में संग्रहालय से जुड़े लगभग 45 लोग उपस्थित थे.**

इस कार्यक्रम के संयोजक थे. सुनील दुबे वृक्ष मित्र और वी के श्रीवास्तव. इन दोनों के संयोजन में आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम में कदम, अमलतास हर- बहेड़ा, नम आदि के पौधे लगाए गए. सुनील वृक्ष मित्र के निर्देशन में पौधारोपण कार्य संपन्न हुआ इस अवसर पर मानव संग्रहालय की निदेशक अमिताभ पांडे एवं उनके अन्य सहयोगी भी उपस्थित थे.

## कुशग्रहणी अमावस्या पर गोमाता को खिलाया गुड़ और चारा

**भोपाल, 23 अगस्त.** अमावस्या तिथि पर सेवा संकल्प युवा संगठन ने गोशाला में गोमाता को गुड़ और हरा चारा खिलाया. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अमावस्या को कुशग्रहणी अमावस्या कहा जाता है. इस तिथि पवित्र नदियों में स्नान एवं गोमाता की सेवा का अत्यंत महत्व रहता है. संस्था के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि गोमाता को हरा चारा खिलाने से पितरों का आशीर्वाद मिलता है. युवाओं ने कमला पार्क स्थिति गोशाला में गो सेवाकर तिल और तेल से शनिदेव का अभिषेक किया. इस अवसर पर संगठन के यश जैन, विवेक श्रीवास्तव, दीपक साकरे, गौरव बंसल मौजूद रहे.




# भोपाल शहर का नाम करो भोजपाल

## भोजपाल मित्र परिषद ने 14 स्थानों से संदेश यात्रा निकालकर किया प्रदर्शन

**भोपाल, 23 अगस्त. भोजपाल मित्र परिषद द्वारा भोपाल शहर के नाम को भोपाल से बदलकर भोजपाल करने की मांग को लेकर एक विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया.**

यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे चंचल चौराहा बैरागढ़ से शुरू हुआ और दो पहिया वाहन और चार पहिये वाहन के साथ शहर के प्रमुख स्थानों पर पहुंचा जिनमें राजा भोजपाल की की मूर्ति वीआईपी रोड, कर्फ्यू बाली माता मंदिर, रोशनपुरा चौराहा, माता मंदिर चौराहा, चूनाभट्टी चौराहा, मनीषा मार्केट, वंदे मातरम चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, सोनागिरी चौराहा होते हुए प्रभात पेट्रोल पंप चौराहे पर समापन हुआ. हर स्थान पर भोपाल के जन नागरिक और गणमान्य जन ने संदेश यात्रा का स्वागत किया साथ ही हर स्थान पर पहुंच कर जन जन को संदेश देने के लिए नारे और विचारों के साथ भोपाल मित्र परिषद ने आह्वान किया.

कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी डॉ राजीव जैन ने सभी भोपाल वासियों से सहयोग की अपेक्षा की है और सभी से अनुरोध करते हुए कहा है कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे को आप सभी भी जन-जन तक पहुंचाने में हमारी मदद करें जिससे हम अपने इतिहास की गरिमा को बापिस पा कर गौरवान्वित हो सके. आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष ब्रह्मभट्ट, आशीष जनक, मुकेश अरगड़े, हरभजन शिवहरे, लक्ष्मी शर्मा, राम नेता, योगेंद्र मुख्यरैया, मुकेश गुप्ता, सुनील सिंह शशांक तिवारी, देवेंद्र बचले, पुनीत शर्मा, मुकेश राय, चंद्रशेखर तिवारी, योगेश साहू उपस्थित रहे.

### शहर की मूल पहचान और गौरव वापस लाने की मांग

भोजपाल मित्र परिषद के अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम शहर की मूल पहचान और गौरव को वापस लाने की मांग कर रहे हैं, महासचिव आशीष जनक ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार हमारी इस मांग पर विचार करेगी और शहर के नाम को भोजपाल करने की प्रक्रिया शुरू करेगी. संयोजक हरिओम जटिया ने आम जन से अपील की है कि आप भी हमारे साथ जुड़कर अपना योगदान दे. वरिष्ठ सदस्य प्रेम गुरु ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जब देश के कई शहरों के नाम बदल सकते है तो फिर भोपाल को भी भोजपाल करे.

# अंग्रेजी में युवा संतों ने दिया मानवता का संदेश

▸ निरंकारी मिशन का जोन स्तरीय समागम



**भोपाल, 23 अगस्त. निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए की ब्रांच बैरागढ़ में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम संत समागम गुरुग्राम से पधारी रश्मि राघव की हुजूरी में शनिवार को बैरागढ़ स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संपन्न हुआ.**

इस दौरान उन्होंने सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का पावन संदेश अंग्रेजी भाषा में आमजन तक पहुंचाया. समागम में भोपाल जोन की सभी ब्रांचो के संतों द्वारा मानवता का संदेश अंग्रेजी भाषा में देते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई. इस अवसर पर संत बहन द्वारा प्रांगण में निरंकारी मिशन का इतिहास दर्शाती आकर्षक प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर सराहना की गई. समागम में बच्चों और युवाओं द्वारा आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुतियां दी गई. इस दौरान बड़ी संख्या में निरंकारी संतों द्वारा नाटक और विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर भक्तिमय वातावरण निर्मित किया गया.

## मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान आज

**भोपाल, 23 अगस्त.** सेवा भारती द्वारा सेवा बस्तियों में संचालित संस्कार केन्द्रों के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान रविवार को गुफा मंदिर प्रांगण स्थित मानस भवन रामानंद आश्रम में दोपहर दो बजे किया जाएगा. सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल मेक्सन ग्रुप, मुख्य वक्ता डॉ. धनीराम सिंह पंवार, विशिष्ट अतिथि ईश नारायण शर्मा एम.डी. सरमन इंडिया, डॉ. अजय गोयनका, अशोक गुप्ता, सुनील जैन उपाध्यक्ष भोपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज होंगे.

# नाट्य कला में हो रहे प्रयोग, बदलाव पर की चर्चा

▸ मप्र नाट्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच हुआ संवाद



**भोपाल, 23 अगस्त. मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के प्रथम वर्ष के छात्रों ने भ्रमण किया.**

इस दौरान मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्राध्यापक रामजी बाली, मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के रजिस्ट्रार शशांक, आनंद मिश्रा एवं तरुण दत्त पाण्डेय भी उपस्थित रहे.

इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के मध्य संवाद हुआ. जिसमें भारतीय रंगमंच, विश्व रंगमंच, रंगमंच में रुचि, मध्यप्रदेश के लोक का रंगमंच, अध्ययन इत्यादि अनेक विषयों पर चर्चा हुई. मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव ने यहां के प्रोडक्शन, कार्यप्रणाली, छात्र छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाएं एवं भ्रमण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी.

## स्वर्ण कलश से भगवान का महामस्तिकाभिषेक

**भोपाल, 23 अगस्त.** शनिवार को सुव्रतपुरम गोंदरमऊ में मूलनायक मुनिसुव्रतनाथ भगवान की सवा 9 फीट की पद्मासन प्रतिमा का महामस्तिकाभिषेक किया गया. प्रात: काल सभी प्रतिमाओं का अभिषेक करने के बाद भगवान के मस्तक पर स्वर्ण कलश से प्रथम शैलेश जैन स्टील, द्वितीय कलश विनोद सीए, तृतीय कलश हीरालाल पुष्पेंद्र जैन चतुर्थ कलश संध्या आंतवीन जैन परिवार को अभिषेक का सौभाग्य मिला.

डिस्प्ले क्लासीफाइड

CIMS CAREER INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
कॅरियर कैंसर रिसर्च सेन्टर
कैंसर से लड़ाई में हरदम आपके साथ
CIMS बी.एच.ई.एल. दशहरा मैदान के सामने, गोविन्दपुरा, भोपाल - 462023
Call : 9303700498, 9522982211

# विद्यार्थियों ने सीखा माटी से मूर्ति बनाना



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 अगस्त. माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान तहत शारदा विहार में जन अभियान परिषद द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है.**

जिसमें प्रदेश के सभी 340 ब्लॉक स्तर पर स्कूल, कालेज, मंदिर, समाज एंव नागरिकों को मिट्टी के गणेश बनाने के लिए प्रोत्साहित एंव प्रशिक्षित किया जा रहा है. समाज भी इस सकारात्मक सोच में अपना सहयोग दे रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से माटी गणेश- सिद्ध गणेश कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है.

▸ नगर निगम अध्यक्ष ने की पर्यावरण बचाने अपील

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कार्यशाला को संबोधित करते किया. उन्होंने कहा कहा कि परंपरा तभी सार्थक है जब उसमें प्रकृति की रक्षा का भाव भी जुड़ा हो. हमें गणेश जी की स्थापना भी करना है ओर पर्यावरण का संरक्षण भी करना है. उन्होंने सभी से अपील की है कि इस गणेशोत्सव पर घरों में केवल मिट्टी से बने गणेश की प्रतिमाएँ ही स्थापित की जाएँ और विसर्जन के पश्चात उसी मिट्टी को आँगन अथवा गमलों में विसर्जित कर पौधारोपण किया जाए. इसी क्रम में उन्होंने संस्कृत श्लोक माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या: (अर्थात् – पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं) का उल्लेख करते हुए पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया.

घर से कमायें 25,000 से 65,000
कम पूंजी में महिला एवं पुरुष मशीन द्वारा 250 प्रकार के प्लास्टिक के हार्डवेयर एवं इलेक्ट्रिकल के सामान बनाकर हमे बेचे। कच्चा माल देने एवं बना माल लेने का एग्रीमेंट, ट्रेनिंग एवं ट्रांसपोर्ट फ्री फाइनेन्स की सुविधा
प्लास्टिक इन्जेक्शन मोल्डिंग मशीन (सामान इस मशीन से बनेंगे)
हार्डवेयर सामान (यह सामान बनेंगे)
इलैक्ट्रिकल सामान (यह सामान बनेंगे)
संपर्क यश ट्रेडर्स भोपाल म.प्र.
मो. : 8349274037, 9575876062

MADHUR CARGO
Packers & Movers
A Unit of Shree Madhur Transport Co.
: 9713068681
24/7 Hours Service
SAFE & ECONOMICAL MOVING SERVICE
OUR SERVICES
• HOUSE HOLD SERVICE
• LOADING/UNLOADING
• MOVING & SHIFTING
• PACKING SERVICE
• OFFICE SHIFTING
• TRANSPORTATION PAN INDIA
B-34, Madhur Plaza Near Gurudwara
Transport Nagar Kokta, Bhopal PIN-462028